**भारत सरकार**
**ग्रामीण विकास मंत्रालय**
**ग्रामीण विकास विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 1289**

**(03 दिसंबर, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए)**

**पीएमएवाई-जी योजना से स्वतः विलगन (ऑटो एक्सक्लूजन) मानदंड**

**1289. श्री राजा राम सिंह:**

क्या **ग्रामीण विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने प्रधान मंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) में संशोधन करने और स्वतः विलगन मानदंड शुरू करने से पूर्व समिति का गठन किया है, यदि हां, तो समिति की सिफारिशों का ब्यौरा क्या है;

(ख) स्वत: विलगन मानदंड लागू करने से पहले पात्र लोगों के लिए अपेक्षित मानदंडों में अंतर का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या इस संबंध में समिति गठित किए बिना ही विलगन लागू किया गया है; और

(घ) पिछले पांच वर्षों के दौरान पीएमएवाई-जी के अंतर्गत आबंटित और उपयोग की गई निधियों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है और लाभार्थियों की संख्या कितनी है?

**उत्तर**
**ग्रामीण विकास राज्य मंत्री**
**(डॉ. चन्द्र शेखर पेम्मासानी)**

**(क)से (ग)** : प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी), भारत सरकार की एक प्रमुख योजना है और इसे 1 अप्रैल 2016 से ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है। मंत्रिमंडल ने लाभार्थियों की पहचान के लिए एसईसीसी 2011 डेटा के उपयोग के साथ बुनियादी सुविधाओं सहित मार्च 2024 तक पीएमएवाई-जी के तहत 2.95 करोड़ आवासो के निर्माण का अनुमोदन दिया है। पीएमएवाई-जी के दिशा-निर्देशों यानी कार्यान्वयन के लिए रूपरेखा (एफएफआई) को अंतिम रूप देने के लिए एक समिति का गठन किया गया था, जिसमें

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के सदस्य शामिल थे।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 09.08.2024 को आयोजित अपनी बैठक में पीएमएवाई-जी के तहत वित्त वर्ष 2024-25 से वित्त वर्ष 2028-29 के दौरान 2 करोड़ अतिरिक्त आवासों के निर्माण को मंजूरी दी। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अतिरिक्त पात्र परिवारों की पहचान के लिए संशोधित बहिर्वेशन मानदंडों को भी मंजूरी दी थी। केंद्रीय मंत्रिमंडल के अनुमोदन के अनुसार, मशीनीकृत दोपहिया वाहन, मशीनीकृत मछली पकड़ने वाली नाव, लैंडलाइन फोन और रेफ्रिजरेटर से संबंधित प्रावधानों को हटा दिया गया है। इसके अलावा, आय मानदंड को भी 10000 रुपये प्रति माह से बढ़ाकर 15000 रुपये कर दिया गया है और भूमि संबंधी मानदंडों को सरल बनाया गया है।

पीएमएवाई-जी के नए चरण के अंतर्गत संशोधित स्वत: बहिर्वेशन मानदंडों का विवरण निम्नानुसार है:

**चरण 1: पक्के मकानों का बहिर्वेशन -** पक्की छत और/या पक्की दीवार वाले घरों में रहने वाले सभी परिवारों और 2 से अधिक कमरों वाले घरों में रहने वाले परिवारों को इस सूची से बाहर रखा गया है।

**चरण 2: स्वत: बहिर्वेशन मानदंड –** शेष परिवारों में से, नीचे सूचीबद्ध 10 मापदंडों में से किसी एक को पूरा करने वाले सभी परिवारों को स्वत: ही बाहर कर दिया जाता है: -

1. मोटर चालित तीन/चार पहिया वाहन।
2. मोटर चालित तीन/चार पहिया कृषि उपकरण।
3. 50,000 रुपये या उससे अधिक की क्रेडिट सीमा वाला किसान क्रेडिट कार्ड।
4. ऐसा परिवार जिसका कोई सदस्य सरकारी कर्मचारी हो।
5. सरकार के पास पंजीकृत गैर-कृषि उद्यम वाले परिवार।
6. परिवार का कोई भी सदस्य जो 15,000 रुपये प्रति माह से अधिक कमाता हो।
7. आयकर का भुगतान करने वाला।
8. व्यावसायिक कर का भुगतान करने वाला।
9. 2.5 एकड़ या उससे अधिक सिंचित भूमि का स्वामित्व होना।
10. 5 एकड़ या उससे अधिक असिंचित भूमि का स्वामित्व होना।

**(घ)**: इस योजना के तहत, आज की स्थिति के अनुसार पीएमएवाई-जी के संचयी लक्ष्य में से, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को 3.33 करोड़ मकान आवंटित किए गए हैं और इनमें से 3.21 करोड़

मकानों को मंजूरी दी गई है और 2.67 करोड़ से अधिक मकानों का निर्माण पूरा हो चुका है। पीएमएवाई-जी के तहत आवंटित और उपयोग की गई निधियों का राज्यवार विवरण **अनुबंध-।** में दिया गया है और पिछले पांच वर्षों में लाभार्थियों की राज्यवार संख्या **अनुबंध- ।।** में दी गई है।

*********

**अनुबंध-I**

**"पीएमएवाई-जी योजना से स्वतः बहिर्वेशन मानदंड" के संबंध में लोक सभा में दिनांक 03.12.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 1289 के भाग (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण**

**वर्ष 2019-20 से 2023-24 तक पीएमएवाई-जी के तहत आवंटित और उपयोग की गई निधियों का राज्यवार विवरण**

(करोड़ रूपये में)

| क्र. स. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | वि.व. 2019-20 | | वि.व. 2020-21 | | वि.व. 2021-22 | | वि.व. 2022-23 | | वि.व. 2023-24 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | जारी राशि | व्यय | जारी राशि | व्यय | जारी राशि | व्यय | जारी राशि | व्यय | जारी राशि | व्यय |
| 1 | अरुणाचल प्रदेश | 0 | 0.4 | 0 | 5.97 | 104.85 | 16.7 | 69.58 | 127.27 | 200.61 | 239.84 |
| 2 | असम | 1433.97 | 2046.75 | 1503.43 | 1269.44 | 5771.11 | 2195.33 | 9141.75 | 10913.3 | 2934.45 | 6356.77 |
| 3 | बिहार | 4902.97 | 8265.94 | 6683.93 | 10004.4 | 3082.22 | 5954.44 | 7497.21 | 11718.1 | 29.66 | 1098.1 |
| 4 | छत्तीसगढ़ | 562.55 | 989.82 | 307.12 | 983.99 | 0 | 31.32 | 344.23 | 822.15 | 1730.76 | 2201.83 |
| 5 | गोवा | 0 | 0.8 | 0 | 0.53 | 0 | 0.37 | 0 | 0.49 | 0 | 0.58 |
| 6 | गुजरात | 385.56 | 798.1 | 192.78 | 495.64 | 687.29 | 893.09 | 911.75 | 1004.66 | 559.25 | 1540.85 |
| 7 | हरियाणा | 34.55 | 63.35 | 0 | 13.27 | 0 | 17.26 | 44.33 | 62.35 | 3.23 | 32.44 |
| 8 | हिमाचल प्रदेश | 0 | 11.1 | 10.62 | 23.4 | 32.97 | 44.04 | 37.86 | 33.24 | 99.46 | 92.4 |
| 9 | जम्मू और कश्मीर | 67.69 | 221.42 | 795.86 | 599.35 | 123.43 | 419.37 | 1031.58 | 709.95 | 1234.69 | 1363.33 |
| 10 | झारखंड | 2442.76 | 3396.56 | 3348.51 | 3750.22 | 1207.91 | 4237.82 | 1236.02 | 2127.4 | 28.09 | 523.34 |

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 11 | केरल | 0 | 11.8 | 0 | 25.05 | 0 | 66.87 | 70.29 | 94.63 | 2.11 | 22.86 |
| 12 | मध्य प्रदेश | 2291.98 | 4176.03 | 4565.8 | 4068.96 | 4509.58 | 8046.72 | 6374.91 | 11171.3 | 241.64 | 1258.46 |
| 13 | महाराष्ट्र | 1815.33 | 1924.76 | 1310.1 | 2433.5 | 1249.8 | 2003.81 | 1676.07 | 3098.13 | 785.21 | 1820.27 |
| 14 | मणिपुर | 10.3 | 12.83 | 84.89 | 93.49 | 21.01 | 26.86 | 161.14 | 128.8 | 216.45 | 157.32 |
| 15 | मेघालय | 22.6 | 57.97 | 191.08 | 185.54 | 90.13 | 72.51 | 106.44 | 88.26 | 1591.26 | 1498.37 |
| 16 | मिजोरम | 0 | 31.8 | 16.16 | 13.82 | 41.92 | 5.83 | 29.58 | 55.52 | 157.9 | 140.3 |
| 17 | नगालैंड | 0 | 15.25 | 17.4 | 2.12 | 17.41 | 20.44 | 52.5 | 28.68 | 334.17 | 322.57 |
| 18 | ओडिशा | 2197.33 | 5460.06 | 2821.87 | 4556.46 | 1011.87 | 1122.73 | 1723.28 | 310.83 | 4310.71 | 7643.52 |
| 19 | पंजाब | 0 | 36.01 | 49.22 | 59.1 | 18.31 | 60.73 | 71.68 | 100.86 | 32.64 | 48.16 |
| 20 | राजस्थान | 2933.34 | 2923.07 | 1108.59 | 3679.45 | 1405.46 | 2332.48 | 2157.52 | 3036.53 | 67.57 | 661.99 |
| 21 | सिक्किम | 0.65 | 0.37 | 0 | 0.28 | 0.57 | 0.06 | 0.97 | 1.67 | 1.58 | 2.12 |
| 22 | तमिलनाडु | 487.52 | 996.93 | 78.62 | 672.61 | 928.93 | 668.86 | 2004.39 | 2290.47 | 28.23 | 975.55 |
| 23 | त्रिपुरा | 229.52 | 210.5 | 113.62 | 98.3 | 1368.48 | 1111.18 | 1264.2 | 1325.14 | 1276.9 | 1664.60 |
| 24 | उत्तर प्रदेश | 1145.64 | 2207.35 | 4830.9 | 5990.29 | 3727 | 7869.83 | 4777.03 | 7317.5 | 2620.93 | 5014.91 |
| 25 | उत्तराखंड | 0 | 5.71 | 0 | 1.31 | 149.18 | 138.33 | 128.08 | 172.55 | 388.19 | 353.88 |
| 26 | पश्चिम बंगाल | 5976 | 8854.36 | 8810.54 | 10037.26 | 687.84 | 5423.18 | 0 | 1108.3 | 0 | 80.63 |
| 27 | अंडमान और निकोबार | 0 | 1.12 | 16.88 | 8.53 | 0 | 1.87 | 0 | 0.42 | 5.45 | 2.19 |
| 28 | दादरा व नगर हवेली | 55.98 | 23.33 | 0 | 33.46 | 0 | 21.85 | 0 | 13.55 | 0 | 16.89 |

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | तथा दमन एवं दीव | | | | | | | | | | |
| 29 | लक्षद्वीप | 0 | 0.35 | 0 | 0.01 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 30 | पुडुचेरी* | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 31 | आंध्र प्रदेश | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 87.65 | 312.25 | 503.66 |
| 32 | कर्नाटक | 309.6 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 214.92 | 0 | 3.61 | 468.67 |
| 33 | तेलंगाना* | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 34 | लद्दाख | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 3.09 | 2.94 | 18.9 | 17.6 |
| **कुल** | | **27305.84** | **42743.9** | **36857.93** | **49105.75** | **26237.2** | **42803.87** | **41130.36** | **57952.50** | **19215.9** | **36124.05** |

* तेलंगाना और पुडुचेरी पीएमएवाई-जी को लागू नहीं कर रहे हैं।

**अनुबंध-II**

**"पीएमएवाई-जी योजना से स्वतः बहिर्वेशन मानदंड" के संबंध में लोक सभा में दिनांक 03.12.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 1289 के भाग (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण**

**वर्ष 2019-20 से 2023-24 तक पीएमएवाई-जी के तहत मकान बनाने वाले लाभार्थियों की राज्यवार संख्या**

(इकाई संख्या में)

| क्र. सं. | राज्य का नाम | 2019-2020 | 2020-2021 | 2021-2022 | 2022-2023 | 2023-2024 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | निर्मित मकान | निर्मित मकान | निर्मित मकान | निर्मित मकान | निर्मित मकान |
| 1 | अरुणाचल प्रदेश | 747 | 2417 | 992 | 9344 | 21373 |
| 2 | असम | 84404 | 131281 | 117741 | 1009168 | 390292 |
| 3 | बिहार | 415056 | 1048588 | 614795 | 1237477 | 190671 |
| 4 | छत्तीसगढ़ | 34588 | 59685 | 23291 | 33575 | 232309 |
| 5 | गोवा | 187 | 87 | 19 | 12 | 94 |
| 6 | गुजरात | 35591 | 54890 | 77386 | 65611 | 149363 |
| 7 | हरियाणा | 6691 | 1232 | 269 | 5804 | 2812 |
| 8 | हिमाचल प्रदेश | 447 | 605 | 1884 | 3658 | 4558 |
| 9 | जम्मू और कश्मीर | 5016 | 21570 | 42516 | 79675 | 79759 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 10 | झारखंड | 166684 | 243988 | 317260 | 364478 | 50980 |
| 11 | केरल | 843 | 880 | 2501 | 8852 | 5136 |
| 12 | मध्य प्रदेश | 275342 | 262067 | 608646 | 1060106 | 132464 |
| 13 | महाराष्ट्र | 95129 | 183649 | 180360 | 344408 | 110996 |
| 14 | मणिपुर | 1151 | 2779 | 4023 | 13955 | 6937 |
| 15 | मेघालय | 5357 | 5642 | 7324 | 6996 | 54487 |
| 16 | मिजोरम | 997 | 1128 | 1158 | 1020 | 17361 |
| 17 | नागालैंड | 3687 | 535 | 0 | 3210 | 8191 |
| 18 | ओडिशा | 361465 | 395357 | 97193 | 30376 | 526370 |
| 19 | पंजाब | 410 | 3908 | 5473 | 11384 | 3921 |
| 20 | राजस्थान | 169239 | 318262 | 143211 | 400203 | 38749 |
| 21 | सिक्किम | 43 | 15 | 5 | 41 | 249 |
| 22 | तमिलनाडु | 52759 | 52184 | 57342 | 175269 | 104534 |
| 23 | त्रिपुरा | 7055 | 15873 | 1661 | 180530 | 132168 |
| 24 | उत्तर प्रदेश | 174189 | 37711 | 1094653 | 662225 | 378406 |
| 25 | उत्तराखंड | 192 | 93 | 3847 | 12498 | 38562 |
| 26 | पश्चिम बंगाल | 286340 | 678587 | 959229 | 147382 | 14398 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 27 | अंडमान और निकोबार | 286 | 483 | 335 | 97 | 26 |
| 28 | दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव | 221 | 972 | 641 | 1486 | 359 |
| 29 | लक्षद्वीप | 9 | 28 | 7 | 0 | 1 |
| 30 | पुडुचेरी** | - | - | - | - | - |
| 31 | आंध्र प्रदेश | 5 | 0 | 0 | 2167 | 28160 |
| 32 | कर्नाटक | 7085 | 2405 | 11239 | 2641 | 33835 |
| 33 | लद्दाख | 1344 | 62 | 22 | 1 | 1575 |
| 34 | तेलंगाना** | - | - | - | - | - |
| | कुल | **21,92,559** | **35,26,963** | **43,75,023** | **58,73,649** | **27,59,096** |

** तेलंगाना और पुडुचेरी पीएमएवाई-जी को लागू नहीं कर रहे हैं।

*****